**भारत सरकार**
**रेल मंत्रालय**
**रेलवे भर्ती बोर्ड**

## महत्वपूर्ण सूचना

## CEN संख्या 09/2025 के लेवल-1 के विभिन्न पदों पर भर्ती के अभ्यर्थियों का ध्यान आकर्षण आवेदन की स्थिति के संबंध में संशोधित सूचना

1. CEN संख्या 09/2025 (स्तर-1) के अंतर्गत आवेदन स्थिति के संबंध में सूचना दिनांक 08.07.2026 को जारी की गई थी। आवेदनों की एक बार फिर जांच की गई है और उसी के अनुसार आवेदन की स्थिति अपडेट कर दी गई है।
2. अब अभ्यर्थी अपने यूजर क्रेडेंशियल के माध्यम से लॉगिन करके अपने आवेदन की अपडेट की गई स्थिति देख सकते हैं, जो (i) अनंतिम रूप से स्वीकृत, (ii) शर्तों के साथ अनंतिम रूप से स्वीकृत (iii) अस्वीकृत (कारण के साथ) के तहत अपने आवेदनों की स्थिति देख सकते हैं। आवेदन की स्थिति www.rrbapply.gov.in पर उपलब्ध होगी। यह लिंक 09.08.2026 को 21:00 बजे से सक्रिय की जाएगी।
3. आवेदन की स्थिति के संबंध में अभ्यर्थी द्वारा प्रस्तुत आवेदन में दर्ज पंजीकृत मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी पर एसएमएस और ईमेल भेजा जाएगा।
4. यद्यपि अनंतिम रूप से पात्र अभ्यर्थियों की सूची तैयार करने में पूरी सावधानी बरती गई है तथापि आरआरबी को किसी अनजाने में हुई त्रुटि या टंकण/मुद्रण संबंधी गलती को सुधारने का अधिकार सुरक्षित रखता है। आरआरबी अपात्र/अस्वीकृत अभ्यर्थियों से प्राप्त किसी भी पत्राचार पर विचार करने में असमर्थता व्यक्त करता है।
5. सभी पात्र/स्वीकृत अभ्यर्थियों की उम्मीदवारी पूर्णतः अनंतिम है और भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में या उसके बाद, यदि उनके आवेदन में दी गई जानकारी या रिकॉर्ड में कोई असंगति/कमी/फर्जी विवरण पाया जाता है अथवा अभ्यर्थी द्वारा किसी प्रकार की अनियमितता आरआरबी के संज्ञान में आती है, तो उनकी उम्मीदवारी किसी भी चरण में रद्द की जा सकती है।
6. अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि भर्ती प्रक्रिया से संबंधित नवीनतम अपडेट के लिए केवल आरआरबी की आधिकारिक वेबसाइटों का ही संदर्भ लें। कृपया अप्रमाणित स्रोतों द्वारा भ्रमित न हों।
7. अभ्यर्थियों के लिए हेल्पडेस्क :-

9592-001-1 88 एवं 01 72-565-3333

rrb.help@csc.gov.in

समय: सुबह 10.00 बजे से शााम 05.00 बजे तक (सोमवार से शुक्रवार)

दिनांक: 09.08.2026

**अध्यक्ष**
**रेलवे भर्ती बोर्ड**

**महत्वपूर्ण सूचना:** ऐसे दलालों से सावधान रहें जो अवैध धनराशि लेकर नौकरी में चयन करवाने का झूठा आश्वासन देकर अभ्यर्थियों को गुमराह कर सकते हैं। आरआरबी परीक्षा में भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह कंप्यूटरीकृत है और चयन पूरी तरह अभ्यर्थियों की योग्यता के आधार पर किया जाता है।